सुविचा विकट परिस्थिति में सबसे बडा साथी धैर्य ही है ।
डीजिटल संस्करण https://sbpatra.in पर उपलब्ध

# सत्य का ब्रह्मास्त्र स्वतंत्र बौद्धिकपत्र

सम्पादक-मधुसूदन शर्मा
सह सम्पादक-बृजेश कुमार शर्मा

वर्ष - १ | अंक - ३ | ०१/०४/२०२४ | पृष्ठ -४ | प्रति सोमवार डीजिटल संस्करण

## उत्तर प्रदेश के मेरठ से मोदी का बिगुल - बडे-बडे सत्ताधारी जेल में , लुटाधन गरीबो के लोटाउगाँ

### सुप्रीम कोर्ट से बडे बडे सत्ताधारी को जमानत नही मिल रही - मोदी

लोकसभा चुनाव के ऐलान के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार 31 मार्च को यूपी के मेरठ में पहली रैली को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि इन लोगों ने मिलकर एक प्छक्प् गठबंधन बनाया है। इनको लगता है कि मोदी इनसे डर जाएगा, लेकिन मेरे लिए मेरा भारत मेरा परिवार है। पीएम ने कहा, श्श्आज बड़े–बड़े भ्रष्टाचारी सलाखों के पीछे हैं, उन्हें सुप्रीम कोर्ट से भी जमानत नहीं मिल रही। इन बेईमानों ने जो धन लूटा है, वो गरीबों को लौटाऊंगा। पीएम बोले– चाहे जितना बड़ा भ्रष्टाचारी हो, उसके खिलाफ एक्शन होगापीएम मोदी ने कहा कि भ्रष्टाचारी कान खोलकरसुन लें। इस दौरान सीएम योगी और हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी के साथ मंच पर सहयोगी दलों के 4 नेता मौजूद रहे। इनमें प्रमुख जयंत चौधरी, अपना दल की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल, सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओपी राजभर, निषाद पार्टी के संजय निषाद शामिल हैं।

इससे पहले मंच पर पीएम मोदी का यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने स्वागत किया।
इसके बाद मंच पर मौजूद नेताओं ने मोदी को हल भेंट किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने उन्हे राम मंदिर का मॉडल भेंट किया।



मोदी पर चाहे, जितने भी हमले कर लें। यह मोदी है। रुकने वाला नहीं है। चाहे जितना भी बड़ा भ्रष्टाचारी हो, एक्शन होगा। जरूर होगा। जिसने देश को लूटा है, उसे लौटाना ही पड़ेगा। यह मोदी की गारंटी है। - मोदी

## ३७० का टारगेट दक्षिणभारत पुरा करेगा। चार सौ पार पर मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे - गडकरी ।

### 10 साल मे दक्षिण भारत ओर नॉर्थ इस्ट में काम किया- गडकरी

नितिन गडकरी ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में सरकार ने 10 साल में दक्षिण और नॉर्थ–ईस्ट में जबरदस्त काम किया है। इसके नतीजे मिलने शुरू हो गए हैं। नितिन गडकरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिस विश्वास से भाजपा के 370 जीतने की बात कह रहे हैं, ये लक्ष्य दक्षिण भारत पूरा करेगा। देश में विपक्षी नेताओं की तरफ से अपोजिशन को कमजोर करने की बात कही जा रही है। इस पर केंद्रीय मंत्री गडकरी ने कहा कि विपक्ष कमजोर हो या मजबूत, क्या ये हमारी जिम्मेदारी है ? जब हमारी दो सीटें थीं और हमारी पार्टी की कमजोर स्थिति थी, तब किसी ने भी हमें सहानुभूति नहीं दी थी। अब मेरे दिमाग में कोई संशय नहीं है। भाजपा की अगुआई वाला छक। 400 का आंकड़ा पार करेगा। नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे, क्योंकि हमारी सरकार ने 10 साल में ठोस काम किया है।



## दिल्ली में I-N-D-I-A गठबंधन की रेली देश खरगे ने आरएसएस ओर बीजेपी को बताया जहर

### सुनिता केजरीवाल ने अरविन्द केजरीवाल को बताया शेर

दिल्ली के रामलीला मैदान में रविवार 31 मार्च को इण्डीया ब्लॉक की लोकतंत्र बचाओ महारैली हुई। लोकसभा चुनाव से पहले विपक्षी गठबंधन की ये पहली बड़ी रैली है। इसमें सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा, राहुल गांधी, उद्धव ठाकरे, अखिलेश यादव, सीताराम येचुरी, महबूबा मुफ्ती, फारूक अब्दुल्ला के अलावा अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता और हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना पहुंचीं। सोनिया गांधी लोकतंत्र बचाओ महारैली में देर से पहुंची। मंच पर पहुंचते ही सुनीता केजरीवाल ने उनका स्वागत किया। दोनों ने हाथ मिलाकर एक–दूसरे का स्वागत किया।ुनीता केजरीवाल ने अरविंद का जेल से भेजा गया मैसेज भी पढ़ा। उन्होंने केजरीवाल की 6 गारंटियां पढ़ीं। पहला– पूरे देश में 24 घंटे बिजली। दूसरा– गरीबा सें को बिजली फ्री। तीसरी– हर गांव– मोहल्ले में शानदार सरकारी स्कूल। चौथा– हर गांव और मोहल्ले में क्लिनिक, जिले में मल्टी स्पेशियलिटी अस्पताल है



## ममता की मोदी को चुनोती दौसो पार कर बताए

### महुआ मोइत्रा का प्रचार करने पहुची थी ममता



ममता बनर्जी ने रविवार को कृष्णानगर से अपनी चुनावी रैली की शुरुआत की। वे टीएमसी उम्मीदवार महुआ मोइत्रा का प्रचार करने पहुंची थी।बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को कहा कि बंगाल का मतलब सिर्फ तृणमूल कांग्रेस हैं। भाजपा लोकसभा चुनाव में 400 पार का नारा दे रही है। मेरा चौलेंज है कि वे पहले 200 सीटों का आंकड़ा पार करके दिखा2021 के विधानसभा चुनावों में भाजपा ने 200 से अधिक सीटे जीतने का दावा किया था, लेकिन उन्हें 77 पर रुकना पड़ा।
भाजपा बंगाल में फिर बुरी तरह हारेगी। वे कह रहे कि उन्हें 400 सीटें मिलेंगी। ऐसा है तो ईडी सीबीआइ का इस्तेमाल क्यों किया जा रहा है

## आडवाणी को घर जाकर दिया भारत रत्न प्रधानमंत्री उपराष्ट्रपति रहे मौजूद

### आडवाणी के खराब स्वास्थ्य के कारण ये फैसला लिया गया है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी को आज देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न दिया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उनके घर जाकर उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, गृह मंत्री अमित शाह और पूर्व उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू भी मौजूद थे।आडवाणी के खराब स्वास्थ्य के कारण ये फैसला लिया गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने 3 फरवरी को उन्हें भारत रत्न देने की घोषणा की थी। वे पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और भाजपा के संस्थापक सदस्य नाना जी देशमुख के बाद ये सम्मान पाने वाले भाजपा और आरएसएस से जुड़े तीसरे नेता हैं।

## मुम्बई में अश्लिल शुटींग में १३ गिरफ्तार



पुणे के लोनावला में अश्लील वीडियो बनाने वाले 13 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के मुताबिक, अर्णव विला में यह गोरखधंधा दो दिन से चल रहा था। यहां अलग–अलग राज्यों के युवक–युवतियां पकड़े गए हैं।पुलिस को कुछ अश्लील वीडियो मिले हैं, जिनकी जांच पड़ताल की जा रही है। सभी आरोपियों के खिलाफ अश्लीलता फैलाने को लेकर केस दर्ज किया गया है। साथ ही विला किराए पर देने वाले तीन लोगों पर भी एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस ने बताया कि उन्हें लोनावला के पाटन गांव में बने अर्णव विला में यह शूटिंग चलने की सूचना मिली थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छापा मारा तो 13 लोग पकड़े गए। कार्रवाई के दौरान अश्लील वीडियो 6.72 लाख रुपए के 2 कैमरे और कुछ अन्य सामान जब्त किया ।

## यूनिवर्सिटी प्रोफेसर ने छात्राओ के व्हाट्एप्प पर भेजे अश्लील संदेश

### रात गुजारने पर पास करवाने का दावा करता था प्रोफेसर

प्रोफेसर ने सेमेस्टर परीक्षा में पास कराने के बदले में शारीरिक संबंध बनाने की मांग की।
यूनिवर्सिटी के फारसी, उर्दू और इस्लामिक स्टडी डिपार्टमेंट में पढ़ने वाली तीनों स्टूडेंट्स ने आरोप लगाया कि प्रोफेसर ने उन्हें वॉट्सएप पर अश्लील मैसेज भी भेजे और कई बार उन्हें गलत तरीके से छुआ।छात्राओं ने 28 मार्च को शांतिनिकेतन पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई,जसमें उन्होंने बताया कि परीक्षा में फेल होने का डर दखाकर उन्हें प्रताड़ितकया गया। छात्राएं सबूत लेकर थाने पहुंचीं। पुलिस को प्रोफेसर के भेजे मैसेज दिखाए। जिनमें उसने छात्राओं से अलग से मिलने और रात गुजारने की भी बात लिखी थी। प्रोफेसर ने कहा– मैं इस वक्त बोलपुर में नहीं हूं। बाहर हूं। मैं इस बारे मे कुछ नहीं जानता। मुझे फंसाया जा रहा है।वॉट्सएप पर अगर किसी छात्र को कोई मैसेज भेजा जाता है तो वह पढ़ाई को लेकर होता है। उनका किसी और से कोई रिश्ता नहीं है।



## सुकमा में नक्सलियों ने युवक की गला दबाकर की हत्या,पिकअप को किया आग के हवाले ।

छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले से बड़ी खबर आ रही है। यहां नक्सलियों ने पिकअप वाहन को आग के हवाले कर दिया। नक्सलियों ने दुलेड और मुकराजकुंडा के बीच घटना को अंजाम दिया है। बताया जा रहा है कि पिकअप वाहन दुलेड गांव के किसी ग्रामीण की बताई जा रही है। यह मामला चिंतागुफा थाना क्षेत्र का है।इससे एक दिन पहले राजनांदगांव जिले की सीमा से लगे महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में नक्सलियों ने मुखबिरी के संदेह में अशोक तलांडे नामक आदिवासी युवक की गला। दबाकर हत्या कर दी भामरागढ़–आलापल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग में ताडगांव से लगभग सात किमी दूर शव सड़क पर मिला।





डिजीटल संस्करण
https://sbpatra.in
पर उपलब्ध



# मनासा शिव महापुराण कथा पर निरस्ती के बादल छ्टे। नियम पालन के साथ होगी कथा।

कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा की मनासा में होने वाली कथा को लेकर अब असमंजस समाप्त हो गया है। गुरुवार रात को प्रशासन ने कथा की अनुमति को फिर बहाल कर दिया है। इसके बाद कलेक्टर ने अधिकारियों को जिम्मेदारी के आदेश भी जारी कर दिए

गौरतलब है कि मनासा में 1 से 7 अप्रैल तक पं. मिश्रा के मुखारविंद से शिव महापुराण कथा होना थी, लेकिन आयोजन स्थल का निरीक्षण करने के बाद 25 मार्च को प्रशासन ने यह कहते हुए कथा अनुमति को निरस्त कर दिया था कि निर्धारित मापदंड के अनुसार कथा स्थल पर व्यवस्था नहीं की गई है। इसके बाद 26 मार्च को आयोजको के साथ मनासा क्षेत्र के समाजसेवी राजनेताओं और अन्य संगठन के सदस्य नीमच पहुंचकर कलेक्टर के साथ बैठक की थी। वहीं मनासा विधायक माधव मारू ने भी मामले में सीएम डॉ. मोहन यादव से चर्चा की थी।इसके बाद 27 मार्च को कलेक्टर दिनेश जैन, एसपी अंकित जायसवाल ने मनासा पहुंच कथा स्थल का जायजा लिया था और आयोजक मंडल को निर्धारित मापदंड के अनुरूप व्यवस्था जुटाने के निर्देश दिए थे। इसके बाद माना जा रहा था कि पं. प्रदीप मिश्रा की कथा की अनुमति फिर बहाल हो जाएगी और गुरुवार रात को प्रशासन ने कथा की अनुमति को बहाल कर दिया।मनासा एसडीएम पवन बारिया द्वारा जारी आदेश में आयोजकों के लिए दिशा निर्देश जारी किएगए और नियम शर्तों के साथ अनुमति को पहल कर दिया गया। उधर देर शाम को नीमच एसपी अंकित जायसवाल, एडिशनल एसपी नवल सिंह सिसोदिया,एसडीओपी विमलेश उईके के सहित पुलिस के अधिकारी कथा स्थल पर पहुंचे और काफी देर तक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। वह आयोजन और समिति के सदस्यों को पार्किंग, सुरक्षा आदि व्यवस्था को लेकर दिशा निर्देश दिए।जिम्मेदारियां सौपी – कथा की अनुमति बहाल करने के बाद कलेक्टर ने अधिकारियों को आयोजन संबंधित जिम्मेदारियां भी सौंपी है, जिसमें संपूर्ण आयोजन स्थल का नोडल अधिकारी एडीएम लक्ष्मी गामड़ व एएसपी नवलसिंह सिसोदिया को बनाया गया है। इसके अलावा कार्यक्रम की स्थल की संपूर्ण व्यवस्था एसडीएम पवन बारिया व एसडीओपी विमलेश उईके, यातायात व्यवस्था एसडीओपी मनासा व यातायात थाना प्रभारी नीमच सोनू बड़गूजर, प्रोटोकॉल व्यवस्था एसडीएम मनासा व तहसीलदार मनासा बीके मकवाना, कार्यक्रम स्थल की व्यवस्था कार्यापालन यंत्री लोक निर्माण विभाग एमएस चौहान, सीएमओ नगर परिषद् मनासा रितेश पाटीदार, विद्युत व्यवस्था आशीष आचार्य अधीक्षण यंत्री एमपीईपीबी नीमच, दुर्योधन सोलंकी एसडीओपी पीडब्ल्यूडी नीमच, चिकित्सा व्यवस्था डॉ. एसएस बघेल सीएमएचओ नीमच व डॉ. महेंद्र पाटिल सीविल सर्जन नीमच, भोजन व्यवस्था यशवंत शर्मा खाद्य सुरक्षा अधिकारी नीमच, आरएन दिवाकर जिला आपूर्ति अधिकारी नीमच।वहीं अग्निशमन, सफाई, पेयजल, शौचालय व अन्य व्यवस्था चंदरसिंह धार्वे डिप्टी कलेक्टर नीमच, कमल परमार सीएमओ नगर परिषद कुकडेश्वर, केएल सूर्यवंशी सीएमओ नगर परिषद रामपुरा, फायर एवं आपदा प्रबंधन व्यवस्था युवराजसिंह कमांडेट होमगार्ड, पुष्पा पंवार प्लाटून कमांडेड होमगार्ड, मनोजसिंह जादौन निरीक्षक जिविशा, रितेश पाटीदार सीएमओ मनासा, सीसीटीवी कंट्रोल रूम व्यवस्था योगेश जैन एनआईसी नीमच व संदीप पाटीदार ई गर्वनेस नीमच को सौंपी गई है। मजिस्ट्रीयल ड्यूटी संपूर्ण कार्यक्रम कानून व्यवस्था किरण आंजना डिप्टी कलेक्टर, कविता कड़ेला नायब तहसीलदार, मंच के आसपास कानून व्यवस्था व पांडाल बैठक व्यवस्था मयूरी जोक डिप्टी कलेक्टर, नवीन छलोत्रे नायब तहसीलदार, कार्यक्रम स्थल प्रवेश द्वार पर कानून व सुरक्षा व्यवस्था` नगर परिषद कुकडेश्वर, कार्यक्रम स्थल पर पुरुष व महिला बैठक व्यवस्था रश्मि श्रीवास्तव डिप्टी कलेक्टर व रूपसिंह राजपूत नायब तहसीलदार मनासा, पार्किंग व्यवस्था बालकृष्ण मकवाना प्रभारी तहसीलदार मनासा व यशपाल मुजाल्दा प्रभारी तहसीलदार जावद को जिम्मेदारी सौंपी गई है। (डीबी एप्प के सौजन्या से)

## नशेड़ियों को इंजेक्शन बेचने वाले मेडिकल का लाइसेंस निरस्त

भास्कर संवाददाताद्य नीमच कुछ समय पहले स्मैकची को अरिहंत मेडिकल संचालक द्वारा बिना पर्ची के एविल इंजेक्शन देने का वीडियो वायरल हुआ था। कलेक्टर दिनेश जैन ने शुक्रवार को अरिहंत मेडिकल संचालक का लाइसेंस निरस्त कर दिया। इसके साथ मनासा के मेडिकल पर अनियमितता मिलने पर 5 दिन का लाइसेंस निरस्त किया। कलेक्टर ने आदेश जारी कर बताया कि कुछ दिवस पूर्व नीमच में शिक्षक कॉलोनी स्थित मेसर्स अरिहंत मेडिकोज द्वारा बिना डॉक्टर के पर्च पर एविल का विक्रय करने के संबंध में एक वीडियो वायरल हुआ था।जांच अरिहंत मेडिकोज के संचालन में विभिन्न अनियमितताएं पाए जाने तथा फर्म में एविल के क्रय–विक्रय रिकॉर्ड अपूर्ण पाए जाने पर औषधि अनुज्ञापन प्राधिकारी जिला नीमच न ` कारण बताओ सूचना–पत्र जारी किया था। इसके प्रति उत्तर में फर्म संचालक द्वारा संतोषजनक तथ्य एवं दस्तावेज प्रस्तुत ना कर पाने के कारण लाइसेंस को 20 दिवस के लिए निलंबित किया है। ˙औषधि का नशे के रूप में दुरुपयोग की संभावना को देखते हुए अरिहंत मेडिकोज को स्वीकृत लाइसेंस के अंतर्गत फेनिरामीन मेलीएट युक्त सभी फॉर्मूलेशन को क्रय–विक्रय एवं संधारण करने की अनुमति तत्काल प्रभाव से निरस्त की है।

इसी प्रकार औषधि अनुज्ञापन प्राधिकारी जिला नीमच द्वारा निरीक्षण के दौरान फर्म के संचालन में अनियमितताएं पाए जाने पर मेसर्स सांवलिया मेडिकल एंड जनरल स्टोर, मनासा का लाइसेंस भी 5 दिवस के लिए निलंबित किया ( डीबीएप्प के सौजन्या से )

## नदी मे डुबने से युवक की मौत मनासा के घोटा पिपलीया का मामला गोताखार ने निकाला शव

जिले के कुकड़ेश्वर थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले गांव घोटा पिपलिया में शुक्रवार को उसे समय सनसनी फैल गई, जब गांव के ही रहने वाले एक युवक की नदी में बनाए गए एक गड्ढे में डूबने से मौत हो गई। दरअसल, गांव घोटा पिपलिया निवासी ओमप्रकाश पिता बगदी राम धनगर उम्र 22 वर्ष सुबह गांव के समीप स्थित ढंढेरी नदी में बने गड्ढे के नहाने गया था। इस दौरान वह गड्ढे में डूब गया जिससे उसकी मौत हो गई। जब ग्रामीणों और परिजनों को इसकी जानकारी मिली तो सभी मौके पर पहुंचे और पुलिस को घटना की जानकारी दी। वहीं घटना कि जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुचीं। जहां ग्रामीणों की मदद से युवक के शव को बाहर निकल गया।

उसे मनासा के शासकीय चिकित्सालय में पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। जहां परिजनों की मौजूदगी में शव का पोस्टमॉर्टम कर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

## एग्जिट पोल परिणाम प्रतिबंधित रहेगे प्रतिबंधीत चुनाव आयोग।

लोकसभा निर्वाचन 2024 की आदर्श आचार संहिता प्रभावशील है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बताया कि आदर्श आचार संहिता के दौरान 19 अप्रैल की सुबह 7 बजे से एक जून की शाम 630 बजे तक निर्वाचन के संबंध में किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल का आयोजन तथा प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में इसके परिणाम का प्रकाशन या प्रचार अथवा किसी भी अन्य तरीके से इसका प्रचार–प्रसार करने पर पूर्णतरू प्रतिबंध रहेगा।भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 28 मार्च 2024 को इस आशय की अधिसूचना जारी कर दी गई है। जारी अधिसूचना में स्पष्ट किया गया है कि निर्वाचन के दौरान सभी मतदान क्षेत्रों में मतदान की समाप्ति के लिये नियत समय पर समाप्त होने वाले 48 घण्टों के दौरानकिसी भी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में किसी भी ओपिनियन पोल या किसी अन्य मतदान सर्वेक्षण के परिणामों सहित किसी भी प्रकार के निर्वाचन संबंधी मामलों के प्रदर्शन पर भी पूर्णतरू प्रतिबंध रहेगा।उल्लेखनीय है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 126क में यह प्रावधानित किया गया है कि कोई भीव्यक्ति, कोई निर्गम मत सर्वेक्षण नहीं करेगा और किसी निर्गम मत सर्वेक्षण के परिणाम का ऐसी अवधि के दौरान, जो निर्वाचन आयोग द्वारा इस संबंध में अधिसूचित की जाए, प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से प्रकाशन या प्रचार या किसी भी प्रकार की अन्य रीति से प्रसार भी नहीं करेगा। यदि कोई व्यक्ति इस प्रावधान का उल्लंघन करेगा, तो वह ऐसी अवधि के कारावास से, जो दो वर्ष तक की हो सकेगी या जुर्माने से या दोनों से, दण्डनीय होगा।

## लोकसभा चुनाव के तहत महिलाओं को दिलाया मतदान करने का संकल्प

नीमच 30 मार्च 2024 लोकसभा निर्वाचन–2024 के तहत नीमच जिले में कलेक्ध्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिनेश जैन एवं स्वीप नोडल जिला पंचायत सीईओ श्री गुरूप्रसाद के मार्ग–दर्शन में नीमच जिले के गांव गांव में आंगनबाडी केन्द्रों के माध्ध्यम से मतदाता जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इसी क्रम में शनिवार को मनासा क्षेत्र के गांव बाक्याखेडा के आंगनबाडी केन्ध्द्र में महिलाओं को मतदान करने की समझाईश दी गई ओर महिलाओं को आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 के मतदान दिवस 13 मई 2024 को मतदान केन्द्र पहुॅच कर शतप्रतिशत महिला मतदाताओं को मतदान करने का संकल्प दिलाया गया।

## नीमच में केंद्रीय नारकोटिक्स ने करा अफिम तौला प्ररंभ।

नीमच प्रथम खण्ड के नीमच और जावद क्षेत्र के 3722 किसानों का अफीम तोल होगा। जबकि सीपीएस पद्धति के 2486 किसानों अफीम डोडा तोला भी यही पर होगा। नीमच प्रथम खण्ड के 198 गांव के किसान तय दिनांक पर अपनी अफीम ओर डोडा लेकर पहुंचेंगे।

वहीं नारकोटिक्स विभाग के द्वारा अफीम तोल केंद्र पर आने वाले किसानों की सुविधा ओर सुरक्षा के लिए तमाम इंतजाम किए गए हैं। विभाग के द्वारा धूप से बचाव के लिए टेंट, शेड लगाए गए हैं। गर्मी को देखते हुए पीने के लिए ठंडे पानी और ठंडी हवा के लिए कूलर की व्यवस्था भी किसानों के लिए की गई है। विभाग के द्वारा किसानों की सुविधा का पूरा ख्याल रखा गया है। वहीं सुरक्षा के लिए करीब 10 पुलिसकर्मी तैनात किए गए। पूरे कैंपस में 25 सीसी टीवी कैमरे लगाए गए हैं जो चप्पे चप्पे की निगरानी कर रहे हैं। केंद्रीय नारकोटिक्स विभाग के द्वारा 29 मार्च से लेकर 8 अप्रैल तक अफीम का तोल किया जाएगा। जबकि 10 अप्रैल से 19 अप्रैल तक सीपीएस पद्धति में मिले अफीम लाइसेंस के किसानों के डोड तोल किया जाएगा। रोजाना करीब 500 किसान टोल केंद्र पर पहुंचेंगे।

## देसी पिस्टल व जिंदा कारतूस के साथ आरेपी धराया ।

नीमचद्य क्षेत्र में अवैध हथियार के साथ आरोपियों के पकड़ने के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। पुलिस इनकी जांच में जुटी है। बघाना टीआई विजय सागरिया के नेतृत्व में टीम ने एक देसी पिस्टल व जिंदा कारतूस के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया।

जानकारी के अनुसार टीम को मुखबिर से सूचना मिलीˆकि एक व्यक्ति पटेल स्कूल धनेरिया रोड से एक देसी पिस्टल लेकर जाने वाला है।

उक्त सूचना पर हमराही फोर्स की मदद से आरोपी हेमंत उर्फ गोलू (24) पिता किशनसिंह राजपूत निवासी जोशी मोहल्ला नीमच सिटी को मय देसी पिस्टल व एक जिंदा राउंड के साथ गिरफ्तार किया।

## नीमच केन्ट थाने के १२ स्थायी फरार वारंटी गिरफ्तार

नीमचद्य कैंट थाना प्रभारी सौरभ शर्मा की टीम ने 12 से ज्यादा स्थायी फरार वारंटी, 11 माइनर एक्ट, अवैध शराब, अवैध हथियार के प्रकरण में गिरफ्तार कर इनसे अवैध शराब और चाकू जब्त किए। शुक्रवार को 2 नाबालिगों को छुड़वाया। ईदगाह के पास धारदार छुरा लेकर घूमते इरफान (32) पिता इशाक पठान निवासी भोलाराम कम्पाउंड को पकड़ा। सुरेश (36) पिता सुल्तान भील निवासी एकता कॉलोनी को मूलचंद मार्ग कलाली के पास खटकेदार चाकू लेकर घूमते पकड़ा। पवन (32) पिता प्रभुलाल सैनी निवासी मूलचंद मार्ग को बोहरा गली कॉर्नर के यहां सट्टा अंक लगाते गिरफ्तार किया।

## शनिवार तक दूसरे चरण के लिये शनिवार को ७ अभ्यर्थियों ने भरा नाम निर्देशन पत्र

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बताया है कि लोकसभा निर्वाचन–2024 के निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार दूसरे चरण के लिये नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया जारी है। दूसरे चरण में शनिवार को 7 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत किये। अब तक 8 अभ्यर्थी नाम निर्देशन पत्र दाखिल कर चुके हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजन ने बताया कि नाम निर्देशन पत्र दाखिल किये अभ्यर्थियों के शपथ पत्र एवं अन्य जानकारियां भारत निर्वाचनआयोग की वेबसाइट की पर देखी जा सकती हैं। उन्होंने कहा कि नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 4 अप्रैल है। इसके अगले दिन 5 अप्रैल को नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी। नाम निर्देशन पत्र भर चुके प्रत्याशी 8 अप्रैल तक अपने नाम वापस ले सकेंगे। दूसरे चरण के 26 अप्रैल को मतदान होगा। सभी चरणों के मतदान की मतगणना 4 जून को होगी।

## लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत अबकारी विभाग ने कि कार्यवाही।

नीमच 30 मार्च 2024 लोकसभा निर्वाचन 2024 को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर श्री दिनेश जैन एव जिला आबकारी अधिकारी, श्री आरएन व्यास तथा सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्री बी. एल. सिंघाड़ा के मार्ग–दर्शन में अवैध मदिरा के आसवन परिवहन एव विक्रय पर आबकारी विभाग द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में आबकारी विभाग मनासा की टीम द्वारा आबकारी उप निरीक्षक श्री संजय कुमार कवारे के नेतृत्व में छापेमारी के दौरान घनश्याम पिता किशनलाल खैर उम्र 42 वर्ष निवासी आमलीखेड़ा के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के अंतर्गत 34(1) का प्रकरण कायम किया गया तथा ग्राम बामनिया के जंगलों में एक चालू भट्टी तथा 650 किग्रा



महुआ लहान नष्ट किया गया। इस कार्यवाही में आबकारी आरक्षक सर्व श्री विष्णु सिंह यादव , विजय सोलंकी बलवंत भाटी, हंसराज बिलवाल, शामिल थे ! इस प्रकार कुल 2 प्रकरण कायम किए गए। विशेष प्रवर्तन अभियान आगे भी जारी रहेगा।


खबरों के लिए लोगिंन करे !

https://sbpatra.in/

खबरों के लिए लोगिंन करे !

https://sbpatra.in/

## भोजशाला में निरंतर सर्वे जारी, खुदाई के दौरान अवशेषों को संरक्षित कर रही टीम



केन्द्रीय पुरातत्व विभाग अधीन धार के स्मारक भोजशाला और कमाल मौलाना मस्जिद परिसर में एएसआई की टीम सर्वे कर रही है। आज सर्वे का 10वां दिन हैं। आज टीम ने लगभग 6 बजे मजदूरों के साथ प्रवेश किया और सर्वे का काम शुरू कर दिया।

अभी तक टीम के सदस्यों ने पूरे क्षेत्र का मेजरमेंट, मुख्य भवन का अवलोकन करने के साथ कुछ स्थानों को चिन्हित किया है। एक दिन पूर्व ही धार में सर्वे कर रही टीम के साथ कुछ नए सदस्य जुड़े हैं। सदस्यों की संख्या बढ़ने से सर्वे के काम में तेजी आएगी। अभी और भी कुछ सदस्यों के शामिल होने की उम्मीद है। क्योंकिहाईकोर्ट ने भोजशाला सहित आसपास के 50 मीटरदायरे तक सर्वे कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए कहा हैं, ऐसे में पूरा एरिया बढ़ा होने के कारण टीम के सदस्य भी बढ़ाई गई है।

मुख्य गड्ढे पर अधिक फोकस

भोजशाला के पिछले हिस्से में तीन स्थानों पर गड्ढे किए गए थे, इसमें एक मुख्य गड्ढे को लेकर टीम अधिक काम कर रही है। इसे करीब 10 फीट तक खोदा गया था, इसके बाद भी नींव नजर नहीं आई। हालांकि एक आढ़ा बींब नजर आया था, ऐसे में अब इस गड्ढे की लंबाई, चौड़ाई सहित क्षेत्रफल को बढ़ाया जा रहा है। इस गड्ढे को पूर्व की दिशा की ओर आगे बढ़ाया जा रहा है।

## खरगोन में आकाशीय बिजली गिरने से महिला की मौत

**बारिश से बचने के लिए पेड़ के नीचे खड़े थे**

प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ का असर खरगोन जिले में भी देखा गया। बिस्टान व गोगावा क्षेत्र में बौछार गिरी। गोगांवा तहसील के सिगनूर गांव में आकाशीय बिजली गिरने से लीलूबाई पति पूनम (36) की मौके पर मौत हो गई। उनका भांजा सुनील पिता सुखलाल (10) घायल हो गया। घटना दोपहर 2.30 बजे की है। बारिश होने से बचने यह लोग पास में बबूल के पेड़ के नीचे खड़े हो गए थे। इस दौरान आकाशीय बिजली की चपेट में महिला आ गई।घायल सुनील को घायल स्थिति में एंबुलेंस से गोगावासे खरगोन जिला अस्पताल भेजा गया है। उसका यहां आईसीयू में इलाज चल रहा है। डॉक्टर हितेश सोलंकी ने बताया सुनील का इलाज चल रहा है। अब उसकी हालत स्टेबल है।

बबूल के पेड़ के नीचे खड़े हो गए थे – यहां शुक्रवार को नीलूबाई के मकान का भूमिपूजन हुआ था। वे इंदौर में रह रहे हैं। गांव में निर्माण चल रहा था। दोपहर में बारिश से बचने महिला व उसके भांजे ने बबूल के पेड़ का सहारा लिया था।

## चलती ट्रेंन मे पति ने काटा पत्नी का गला पति को इलाज के लिए लाई थी सैलानी बाबा; इलाज के दौरान लगाए गए ३० टांके

शुक्रवार रात करीब आठ बजे भुसावल से कटनी की ओर जा रही पैसेंजर ट्रेन में एक महिला के पति ने उसका गला काट दिया। जीआरपी पुलिस ने गम्भीर हालत में महिला को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। महिला के गले में तीस टांके आए हैं। जीआरपी से मिली जानकारी के मुताबिक जबलपुर के गवारी घाट पर रहने वाली ग्यारसीबाई पति अमित बर्मन (27) ट्रेन नंम्बर19013 से खंडवा से जबलपुर जा रही थी। ट्रेन अपने निर्धारित समय से करीब तीन घंटे की देरी से रात आठ बजे हरदा स्टेशन पर पहुंची थी। ट्रेन के स्टेशन से छूटने के कुछ देर बाद पति अमित ने किसी बात को लेकर अपनी पत्नी के गले पर किसी धारदार वस्तु से हमला कर घायल कर दिया। जिसके बाद उसके साथ बैठे अन्य परिजनों ने तत्काल स्टेशन पर मौजूद पुलिस कर्मियों को सूचना दी। जिसके बाद उसे तत्काल जिला अस्पताल लाया गया।

## एक वर्ष बाद भी बावडी हदसे मे प्रशासन के हाथ  के हाथ खाली !

न्यायालय को दिखाने के लिए पुलिस ने बेलेश्वर महादेव मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष और सचिव को गिरफ्तार तो कर लिया, लेकिन इस बात का जवाब किसी के पास नहीं है कि नगर निगम, आइडीए और प्रशासन के किसी भी अधिकारी के खिलाफ आपराधिक प्रकरण क्यों दर्ज नहीं किया गया, जबकि मजिस्ट्रियल जांच में सचिव, अध्यक्ष के साथ निगम के अधिकारियों को भी हादसे के लिए जिम्मेदार ठहराया गया था। बावजूद इसके उन्हें क्लीन चिट कैसे दे दी गई।

रहवासियों का कहना है कि वर्ष 1984 में बावड़ी पर किसी शासकीय एजेंसी ने स्लैब डाला था। उस वक्त मंदिर, बावड़ी सब कुछ आइडीए के कब्जे में था। वर्ष 1994 में मंदिर, बगीचा, बावड़ी निगम को हस्तांतरित हुए। इधर, आइडीए और निगम दोनों ही बावड़ी पर स्लैब डालने से इन्कार कर रहे हैं यानी जिस स्लैब के टूटने की वजह से 36 लोगों ने अपनी जान गंवाई, वह किसकी जिम्मेदारी थी, यह आज भी तय नहीं है।नोटिस के जवाब की वजह से फंसे अध्यक्ष–सचिव

पुलिस ने बावड़ी हादसे में बेलेश्वर महादेव झूलेलाल मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सेवाराम गलानी और सचिव मुरली सबनानी को गिरफ्तार किया। दोनों फिलहाल जेल में हैं। राजस्व रिकार्ड में वर्ष 1970 तक बावड़ी का उल्लेख मिलता है। इसके बाद से यह रिकार्ड में नहीं है। उस वक्त यह क्षेत्र स्कीम 31 के तहत आता था। रहवासियों के मुताबिक बावड़ी पर स्लैब वर्ष 1984 में किसी शासकीय एजेंसी ने डाला थी, जबकि बेलेश्वर महादेव झूलेलाल मंदिर ट्रस्ट की स्थापना सितंबर 2018 में की गई थी।

## उज्जैन की केन्द्रीय जेल भैरवगढ में १९ हजार के साथ प्रहरी को पकडा। !

**पुर्व में भी एक प्रहरी से दस हजार रूपए जप्त किए थे जिसे जेल अधिक्षक ने निलंबीत  किया।**



केंद्रीय जेल भैरवगढ़ में जेल प्रहरी गड़बड़ी में लिप्त हैं। जेल के अंदर रुपये ले जाने पर प्रतिबंध के बाद भी प्रहरी लगातार रुपये लेकर जाते हुए पकड़ा रहे हैं। शनिवार सुबह जेल के मुख्य द्वार पर जांच के दौरान एक प्रहरी की जेब से 19 हजार रुपये मिले हैं। जेलधीक्षक ने विभागीय कार्रवाई के आदेश जारी किए हैं। जेल नियमों के तहत जेल के अंदर रुपये लेकर जाना गैर कानूनी है। एक माह पूर्व भी एक प्रहरी दस हजार रुपये ले जाते हुए पकड़ाया था। उसे निलंबित किया गया था। जेल अधीक्षक मनोज साहू ने बताया कि शनिवार सुबह जेल में ड्यूटी के लिए प्रहरी जा रहे थे। अ सभी की अंदर जाने से पहले बाहर चेकिंग की जाती है। जांच में जेल प्रहरी राधेश्याम रावल के पास 19 हजार रुपये नकद मिले हैं। इस पर रुपये जब्त कर उससे पूछताछ की जा रही है।

आशंका है कि रुपये अंदर किसी कैदी को दिए जाने थे। जेल अधीक्षक का कहना है कि विभागीय जांच की जा रही है। दोषी पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। बता दें कि 25 फरवरी को भी जेल में ड्यूटी के लिए जाने के दौरान जेल प्रहरी तेजवीरसिंह के पास दस हजार रुपये मिले थे। जेल अधीक्षक ने उसे निलंबित कर दिया था। इसके पूर्व भी प्रहरी जेल के अंदर मादक पदार्थ ले जाते हुए पकड़े गए हैं। उनके खिलाफ भी केस दर्ज किए गए हैं।

## २७ पिस्टल सहित ओरपी को पुलिस ने धरा अवैध हथियार बनाते सिकलीगर

**गोगावां पुलिस ने सिगनूर में नर्सरी फालिया में हथियार बनाने वाले सिकलीगर को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से २७ पिस्टल व आधी बनी पिस्टल सहित सामग्री जब्त की है।**



एसपी धर्मराज मीणा ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि सिगनूर में हथियार बनाए जा रहे हैं। इसके बाद पुलिस टीम का गठन कर शुक्रवार को टीम सिगनूर पहुंची। यहां जांच में नर्सरी फालिया के पास घेराबंदी की गई। यहां आरोपित 22 वर्षीय कृष्णा पुत्र दिलीप सिंह भाटिया अवैध पिस्टलों का निर्माण कर रहा अवैध हथियार बनाते सिकलीगर गिरफ्तार, 27 पिस्टल सहित सामग्री जब्तझ्ीतहवदम छमूेरू  अवैध हथियार बनाते सिकलीगर गिरफ्तार, 27 पिस्टल सहित सामग्री जब्त कृष्णा की तलाशी लेने पर उसकी कमर में एक देशी पिस्टल खुसी हुई मिली। जिसका लाइसेंस व दस्तावेज के बारे मे पूछने पर कोई वैध दस्तावेज नहीं होना बताया।इसके बाद वहां मिले बोरे की जांच की गई तो उसमे 26 नग अवैध देशी पिस्टल लगभग 5 लाख 40 हजार रुपये, पांच अधबनी अवैध देशी पिस्टल कीमत लगभग 25 हजार रुपये और एक 12–बोर देशी कट्टा कीमत लगभग 10 हजार रुपये सहित 5 लाख 95 हजार रुपये की सामग्री जब्त की है।

पुलिस को पिस्टल बनाने के संसाधन जैसे ग्राईंडर मशीन, एक हथौड़ी, दो संडासी,पंखा भट्टी कीमत लगभग 20 हजार रुपये भी मिले।

## उज्जैन में घर में भाई बहने के शव मिले पुलिस हर एंगल से जाँच मे जुटी

उज्जैन में केडी गेट इलाके के एक मकान में भाई–बहन की लाशें मिली हैं। दोनों के एक–एक हाथ की नस कटी हुई है। बच्चों के पिता विदेश में रहते हैं। मां नमाज के लिए जा रही थी। इसी दौरान कमरे में झांका तो लाशें दिखीं। सूचना मिलते ही जीवाजीगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची। फॉरेंसिंक टीम को भी बुलाया गया । मृतकों के नाम ताहिर और जेहरा हैं। घटनास्थल से सुसाइड नोट भी मिला है। पुलिस के मुताबिक, इस पर ताहिर की लिखावट है। इसमें लिखा है– आपने मेरी आंखों का इलाज नहीं करवाया। आपने हमारा ध्यान नहीं रखा। मां भी ध्यान नहीं रखती हैं। फिलहाल, पुलिस हर एंगल से मामले की जांच कर रही है।

## मतदाताओ की सुविधा मध्यप्रदेश मे बानऐ ३५६ सहयता केन्द्र ।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया है कि मतदाताओं की सुविधा के लिए प्रदेश के जिन मतदान केंद्रों में मतदाताओं की संख्या 1500 से अधिक है, वहां पर सहायक मतदान केंद्र स्थापित किये गये हैं। भारत निर्वाचन आयोग की अनुमति से प्रदेश में कुल 356 सहायक मतदान केंद्र बनाये गये हैं।


प्रदेश के विधानसभा क्षेत्र जौरा, भितरवार, चंदेरी, खुरई, सागर, राजनगर, धौहनी, मुडवारा, जबलपुर केंट, सिहोरा, सिवनी, सौंसर, विदिशा, बासौदा, शमशाबाद, इच्छावर, सीहोर, ब्यावरा, शाजापुर, भगवानपुरा, इंदौर–3, रतलाम सिटी, जावरा और सुवासरा में एक–एक सहायक मतदान केंद्र बनाये गये हैं।

इसी तरह विधानसभा क्षेत्र ग्वालियर पूर्व, छतरपुर, सिंगरौली, गाडरवारा, देवास, खरगौन, सेंधवा, झाबुआ और नागदा–खाचरौद में दो–दो सहायक मतदान केंद्र स्थापित किये गये हैं।विधानसभा क्षेत्र ग्वालियर ग्रामीण, राघौगढ़, भोपाल दक्षिण–घ्पश्चिम, मंदसौर में तीन–तीन और गुना–छिंदवाड़ा, भोपाल मध्य, बड़वाह व इंदौर–4 में चार–चार, ग्वालियर, ग्वालियर दक्षिण, डबरा एवं बैरसिया में पांच–पांच सहायक मतदान केंद्र बनाये गये हैं। विधानसभा क्षेत्र जबलपुर पूर्व में सात, नरेला व देपालपुर में आठ–आठ, उज्जैन दक्षिण व उज्जैन उत्तर में नौ–नौ, इंदौर–1 में 18, इंदौर–2 में 18, सांवेर में 19, डॉ. अम्बेडकर नगर (महू) में 20, हुजूर में 29, इंदौर–5 में 50 और विधानसभा क्षेत्र राऊ में 53 सहायक मतदान केंद्र बनाये गये हैं।

## भोजशाला में हो रहा सर्वे दो नए स्थानो पर होगी खुदाई

धार की ऐतिहासिक भोजशाला में  सर्वे शुरू हो चुका है। हिंदू संगठन के आशीष गोयल ने कहा है कि हमें पूरी उम्मीद है कि मां सरस्वती की प्रतिमा यहां स्थापित होगी। भोजशाला हमारी होगी। वर्तमान में सर्वे जारी है और यह सर्वे हमारे पक्ष में लग रहा है।

उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक धर ोहर में तीन स्थानों पर खुदाई चल रही है। मिट्टी के साथ–साथ जो भी पत्थर व अन्य अवशेष प्राप्त हो रहे हैं। उनमें से जो महत्वपूर्ण अवशेष हैं, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग उनको सुरक्षित कर रहा है। इनको लैब में परीक्षण के लिए भी भेजा जा रहा है। पूरी तरह से तकनीकी सर्वे है, जिसमें मशीनों का वैज्ञानिक रूप में उपयोग किया जा रहा है।इधर सबसे महत्वपूर्ण बात है कि रंग पंचमी का भी अवकाश नहीं रखा गया है। कोर्ट के आदेश पर



बिना रुके यह सर्वे किया जा रहा है। इधर हिंदू संगठन द्वारा प्रतिवर्ष रंग पंचमी पर राधा कृष्ण भाग यात्रा भोजशाला के बाहरी परिसर मोती बाग चौक से निकल जाती है। इस बार भी यह यात्रा निकाली जाएगी।

# भारतीय नैसेना ने सोमलिया लुटेरों से पाकिस्तानी नाविको को छुडाया

## पाकिस्तानी नाविको नो लगाए इण्डीयन नेवी जिन्दाबाद के नारे ।



सोमालिया के समुद्री लुटेरों से रेस्क्यू किए गए पाकिस्तानी नाविकों ने भारत जिंदाबाद के नारे लगाए और भारतीय नौसेना को धन्यवाद कहा। सोमालिया ने 23 पाकिस्तानी नाविकों को बंधक बनाया था। नौसेना ने 29 मार्च को ऑपरेशन चलाकर इन्हें रेस्क्यू किया था। 9 समुद्री लुटेरों को नेवी ने पकड़ लिया था। तस्वीर इंडियन नेवी ने सोशल मीडिया पर शेयर की।नौसेना के 2 वार शिप्स ने 12 घंटे चलाया ऑपरेशन – नौसेना की टीम ने 12 घंटे तक ऑपरेशन चलाकरलुटेरों को सरेंडर करने के लिए मजबूर किया। टीम जहाज की जांच कर रही है।बाद इसे सुरक्षित जगह ले जाया जाएगा।

पाकिस्तानी बोले- नेवी पूरी रात जुटी रही, हमें आजाद कराया - पाकिस्तानियों का वीडियो भी वायरल हो रहा है। इसमें एक शख्स ने कह रहा है, ष्मैं अमीर खान हूं। मैं इस जहाज का मास्टर हूं। हम ईरान से आ रहे थे तभी लुटेरों ने हमारे जहाज को हाईजैक कर लिया। २६ मार्च को तीन बजे से इंडियन नेवी हमारी मदद में जुट गई थी। पूरी रात उन्होंने काम किया। उन्होंने हमें आजाद करवाया। इंडियन नेवी का शुक्रिया। इंडिया जिंदाबाद।

# यूक्रेन विदेश मंत्री का भारत दोरा ,मोदी का बयान दोहराया यह जंग का युग नही ।



रूस–यूक्रेन जंग के बीच यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा पहली बार 2 दिन के दौरे पर भारत आए हैं। इस दौरान उन्होंने कहा, श्भारत और रूस के रिश्ते सोवियत काल की विरासत हैं। सोवियत संघ खत्म हो चुका है और इसलिए दोनों देशों के रिश्तों का कोई भविष्य नहीं है। एनडीटीवी को दिए इंटरव्यू में दिमित्रो ने कहा, श्मेरा मानना है कि भारत और यूक्रेन के रिश्तों का बेहतर भविष्य हो सकता है,किन अगर भारत और रूस इतने करीब हैं तो वे इसका इस्तेमाल मॉस्को के व्यवहार पर असर डालने में कर सकते हैं।

यूक्रेनी विदेशमंत्री ने दोहराया प्रधनमंत्री मोदी का बयान, कहा- यह जंग का युग नहीं - रूस-यूक्रेन जंग पर मोदी के दिए एक बयान को दोहराते हुए कुलेबा ने कहा, यह जंग का युग नहीं है। रूस ने दूसरे विश्व युद्ध के बाद यूरोप में अब तक की सबसे बड़ी जंग छेड़ रखी है। हम जानते हैं कि रूस के साथ भारत आर्थिक, तकनीकी और रक्षा के क्षेत्र में जुड़ा हुआ है। भारत एक आजाद देश है और उसे अपने हित के मुताबिक दूसरे देशों से रिश्ते रखने का पूरा अधिकार है

# https://sbpatra.in/

## मॉरीशस महाशिवरात्रि उत्सव के दौरान लगी आग, ६ श्रद्धालु में जिंदा जले



महाशिवरात्रि उत्सव के दौरान मॉरीशस में रविवार को भीषण हादसा हो गया। पुलिस के अनुसार, हिंदू देवी–देवताओं के पुतले ले जा रही लकड़ी और बांस की गाड़ी में बिजली के तारों के संपर्क में आने से आग लग गई।

अग्निकांड में 6 हिंदुओं की मौत हो गई, जबकि 7 अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। ये सभी महाशिवरात्रि विशेष तीर्थ यात्रा पर निकले थे। इन्हें ग्रैंड बेसिन झील जाना था, जिसे द्वीप के हिंदू समुदाय द्वारा पवित्र माना जाता है। यहां डुबकी लगाने के बाद 8 मार्च को महाशिवरात्रि की पूजा होना थी।

## अफगान अंतक का गढ पाक रक्षा मंत्री !



इसी हफ्ते खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में बलूच लिबरेशन आर्मी ने एक हमला किया था। इसमें पांच चीनी इंजीनियरों समेत कुल 6 लोग मारे गए थे। पाकिस्तान कई बार आरोप लगा चुका है कि बलूच लिबरेशन आर्मी और तहरीक–ए–तालिबान पाकिस्तान हाथ मिला चुके हैं और ये पाकिस्तान में अलग–अलग ठिकानों पर हमले करते हैं।इसी हफ्ते खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में बलूच लिबरेशन आर्मी ने एक हमला किया था। इसमें पांच चीनी इंजीनियरों समेत कुल 6 लोग मारे गए थे। पाकिस्तान कई बार आरोप लगा चुका है कि बलूच लिबरेशन आर्मी और तहरीक–ए–तालिबान पाकिस्तान हाथ मिला चुके हैं और ये पाकिस्तान में अलग–अलग ठिकानों पर हमले करते हैं।

# केजरीवाल जेल मामले में युएन ने कहा सबके के अधिकारो की रक्षा हो , भारत का जवाब कीसी का हस्तक्षेप स्वीकार नही

## अमेरीका जर्मनी के बाद युएन का बयान भारत का सबको सख्त जबाव ।



अमेरिका और जर्मनी के बाद अब युएन ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के मुद्दे पर बयान दिया है। युएन



जनरल सेक्रेटरी के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा, हम उम्मीद करते हैं कि भारत में सभी के अधिकारों की रक्षा की जाएगी।

भारत में चुनाव का समय है, ऐसे में सभी नागरिकों को निष्पक्ष माहौल में वोट डालने का मौका मिलना चाहिए। दुजारिक से एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान केजरीवालं की गिरफ्तारी के बाद भारत में बयान दिया। युएन का यह बयान उस वक्त आया है, जब भारत अमेरिका और जर्मनी के केजरीवाल पर दिए बयानों को लेकर आपत्ति जता चुका है।कल यानी गुरुवार की शाम को हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा था, ष्भारत अपने देश की न्यायिक व्यवस्था में किसी की भी दखलंदाजी को बर्दाश्त नहीं करेगा। हमें अपनी कानूनी व्यवस्था पर गर्व है। भारत बोला– सहयोगी देश हमारी कानूनी प्रक्रिया का सम्मान करें केजरीवाल के मामले में भारत की नाराजगी के बावजूद अमेरिका ने अपने बयान को दोहराते हुए कहा था, ष्हम अपने स्टैंड पर कायम हैं और इससे किसी को कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए। हम उम्मीद करते हैं कि इस मामले में निष्पक्ष, पारदर्शी और समय पर कानूनी प्रक्रिया पूरी होगी।

# नीति आयोग की पूर्व महिला कर्मचारी की ब्रिटेन में मौत, साइकिल से घर लौटते वक्त ट्रक ने कुचला, लंदन में पीएचडी कर रही थीं चेसिथा कोचर

नीति आयोग की पूर्व महिला कर्मचारी की लंदन में रोड एक्सीडेंट में मौत हो गई। नीति आयोग के पूर्व ब्म् अमिताभ कांत ने सोशल मीडिया पर 33 साल की चेसिथा कोचर के निधन की खबर शेयर की।

अमिताभ कांत ने लिखा– चेसिथा कोचर लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स में चीक कर रही थीं। पिछले हफ्ते वह यूनिवर्सिटी से पढ़ाई करने के बाद साइकिल से लंदन स्थित अपने घर लौट रही थीं, उसी दौरान एक ट्रक के कुचलने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

कोचर को 19 मार्च को एक गारबेज ट्रक ने टक्कर मार दी थी। दुर्घटना के समय उनके पति प्रशांत उनसे आगे थे और उन्हें बचाने के लिए दौड़े। हालांकि, एक्सीडेंट इतना जोरदार था कि चेसिथा को बचाया नहीं जा सका। पिछले साल सितंबर में लंदन गईं चेसिथा कोचर के लिंक्डइन प्रोफाइल के अनुसार, वे 2021 से 23 के बीच नीति आयोग में नेशनल बिहेवीयर इनसाइट यूनिट में बतौर सीनियर एडवाइजर काम कर रही थी। वे गुरुग्राम में रह रही थीं। पिछले साल सितंबर में ही वे लंदन पीएचडी के लिए गई थीं।

चेसिथा ने हायर एजुकेशन दिल्ली यूनिवर्सिटी, अशोक यूनिवर्सिटी के अलावा पेंसिल्वेनिया



चेसिथा कोचर के लिंक्डइन प्रोफाइल के अनुसार, वे 2021 से 23 के बीच नीति आयोग में नेशनल बिहेवीयर इनसाइट यूनिट में बतौर सीनियर एडवाइजर काम कर रही थी। वे गुरुग्राम में रह रही थीं। पिछले साल सितंबर में ही वे लंदन पीएचडी के लिए गई थीं।

चेसिथा ने हायर एजुकेशन दिल्ली यूनिवर्सिटी, अशोक यूनिवर्सिटी के अलावा पेंसिल्वेनिया और शिकागो यूनिवर्सिटी से की थी। इसके अलावा उन्होंने अपनी स्कूलिंग दिल्ली और देश के अन्य आर्मी स्कूल से पूरी की थी।

# पाकिस्तान के खैबर पख्तुनख्वा में आत्मघाती हमला

उत्तर–पश्चिम पाकिस्तान में एक आत्मघाती हमले में पांच चीनी नागरिक और उनके पाकिस्तानी ड्राइवर की मौत हो गई। रॉयटर्स के अनुसार, एक हमलावर ने इस्लामाबाद के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के दासू में अपने शिविर की जा रहे चीनी इंजीनियरों के एक काफिले को निशाना बनाया। क्षेत्रीय पुलिस प्रमुख मोहम्मद अली गंडापुर ने कहा कि हमलावर ने विस्फोटकों से भरे वाहन को काफिले में घुसा दिया।

चीनी नागरिकों पर दूसरा हमला

यह पहली बार नहीं जब चीनी नागरिकों पर हमले हुए हों। इससे पहले 2021 में एक बस विस्फोट में नौ चीनी नागरिकों सहित 13 लोगों की मौत हो गई थी। जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, आतंकवादियों और सुरक्षाकर्मियों के बीच गोलीबारी हुई। जिसमें चार आतंकवादी मारे गए। पाकिस्तान इंस्टीट्यूट फॉर कॉन्फ्लिक्ट एंड सिक्योरिटी स्टडीज की रिपोर्ट के अनुसार, फरवरी में 97 आतंकवादी घटनाएं हुई। जिनमें 87 मौतें हुई और 118 घायल हुए। पाकिस्तान में आत्मघाती हमला – चीनी काफिले पर हमला ऐसे दिन हुआ है जब पाकिस्तान पहले से ही अपने दूसरे सबसे बड़े एयरबेस पीएनएस सिद्दीकी पर हमले से जूझ रहा



था। बीएलएजिसने हमले की जिम्मेदारी ली है। इस हमले में अर्धसैनिक बल का एक जवान मारा गया। जबकि पाकिस्तान की ओर से सुरक्षा बलों ने जवाबी कार्रवाई में सभी हमलावरों को मार गिराया। कि इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की जानकारी मिलने पर सोमवार को डेरा इस्माइल खान जिले में ऑपरेशन हुआ। चार आतंकवादी मारे गए –

इस बीच सेना ने कहा कि पाकिस्तान सुरक्षा बलों ने खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक खुफिया ऑपरेशन में चार आतंकवादियों को मार गिराया। सेना की मीडिया शाखा इंटर–सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस ने कहा

स्वत्वाधिकार सम्पादक प्रकाशक मधुसूदन शर्मा / डिजिटल संस्करण प्रति सोमवार स्वतंत्र बौद्धिक पत्र समाचार पत्र की आधिकारीक बेवसाइट https://sbpatra.in/ पर उपलब्ध है। अन्य वेब या डिजिटल माध्यमों पर इसे प्रकाशित या इस नाम से , अन्या समाग्री जैसे समाचार पत्र प्रकाशन या इस नाम से कोइ वेब डोमेन खरीदना , दण्डनीया अपराध होगा , एसा करने पर वैधानिक कार्यवाही की जा सकती है ।